BHADOHI POLICE

प्रेस-नोट

जनपद भदोही **दिनांक-03.02.2025**

◆यातायात नियमों का उल्लंघन करने व स्टंटबाजी करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक भदोही का सख्त रुख

◆श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा कस्बा भदोही अंतर्गत चार पहिया वाहन में स्टंटबाजी करते हुए सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो का संज्ञान लेते हुए त्वरित वैधानिक कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देश

◆सोशल मीडिया सेल व थाना भदोही पुलिस के संयुक्त प्रयास से फुटेज के माध्यम से वाहनों को ट्रेस करते हुए 04 अर्टिगा वाहनों को किया गया सीज, शेष वाहनों के विरुद्ध भी की जा रही वैधानिक कार्यवाही

◆सार्वजनिक सड़क मार्गों पर स्टंटबाजी करने से स्वयं व आमजन के जीवन को भी होता है खतरा

◆सभी से अपील है कि यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन करें एवं सड़क मार्ग पर स्टंटबाजी न करें

दिनांक-02.02.2025 सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर कस्बा भदोही अंतर्गत एक वीडियो प्रसारित हुआ जिसमें कुछ युवक सार्वजनिक सड़क मार्ग पर चार पहिया वाहनों में स्टंट बाजी करते हुए दिखाई दे रहे थे। वीडियो का संज्ञान लेते हुए श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा प्रकरण में त्वरित वैधानिक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के क्रम में थाना भदोही व सोशल मीडिया सेल के संयुक्त प्रयास से प्रसारित वीडियो से संबंधित वाहनों के नंबरों को ट्रेस किया गया। थाना भदोही पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 04 अर्टिगा वाहनों को सीज किया गया तथा शेष अन्य वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

सार्वजनिक सड़क मार्गों पर स्टंटबाजी करने से स्वयं व आमजन के जीवन को भी खतरा होता है। सभी से अपील है कि यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन करें एवं सड़क मार्ग पर स्टंटबाजी न करें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।